हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 19 फरवरी 2026

04 कांग्रेस ने लगाए आरोपः जनप्रतिनिधियों की...




05 बोर्ड परीक्षा संपन्न कराने जिलाधिकारी व एसपी ने...





### कलेक्टर ने ग्राम हिरणखेड़ी में बायो-इनपुट रिसोर्स सेंटर का किया शुभारंभ

# 'प्राकृतिक खेती समय की आवश्यकता'






हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

प्राकृतिक खेती समय की आवश्यकता है। इससे मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार होता है, फसलों की गुणवत्ता बढ़ती है और मानव जीवन भी अधिक स्वस्थ बनता है। साथ ही लागत कम होने से कृषकों को खेती से अत्यधिक लाभ मिलेगा। यह बात कलेक्टर प्रीति यादव ने बुधवार को नलखेड़ा ब्लॉक के ग्राम हिरणखेड़ी में कृषकों से कही। कलेक्टर ने राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन अंतर्गत किसान कल्याण एवं कृषि विकास योजना के तहत एक लाख रुपए की लागत से ग्राम हिरणखेड़ी के कृषक महेश पाटीदार के यहां स्थापित बायो-इनपुट रिसोर्स सेंटर का शुभारंभ किया और कृषकों को संबोधित किया।

कलेक्टर ने कहा कि एक गाय पालन से लगभग 30 एकड़ क्षेत्र में प्राकृतिक खेती संभव है। बीआरसी (बायो-इनपुट रिसोर्स सेंटर) के माध्यम से किसानों को प्राकृतिक खेती से संबंधित प्रचार-प्रसार, सलाह एवं शोध का लाभ मिलेगा। यहां से किसान सहजता एवं सुलभता के साथ उचित मूल्य पर जीवामृत, घन जीवामृत, नीमास्त्र एवं ब्रह्मास्त्र जैसे जैविक इनपुट प्राप्त कर सकेंगे। इनके उपयोग से रासायनिक खाद एवं कीटनाशकों पर निर्भरता कम होगी तथा कीट एवं रोगों का प्रकोप भी घटेगा। उन्होंने कहा कि यह केंद्र क्षेत्र के किसानों के लिए बेहतर परिणाम देगा, जिससे कम ऊर्जा व्यय में अधिक उत्पादन एवं लाभ संभव होगा। इस मौके पर कलेक्टर द्वारा कृषक प्रेमनारायण पाटीदार एवं राहुल पाटीदार को ग्रीष्मकालीन तिल का बीज का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास विजय चौरसिया, सरपंच पवन पाटीदार, बीआरसी संचालक महेश पाटीदार (तवीसा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड), सीबीबीओ से योगेन्द्र कौशिक, कृषि विभाग एवं आत्मा का अमला तथा बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित रहे।



### कलेक्टर ने दीदी कैफे का किया अवलोकन, महिलाओं से किया संवाद





**नलखेड़ा।** कलेक्टर प्रीति यादव ने बुधवार को नलखेड़ा मंदिर परिसर में शुरू किए गए दीदी कैफे का अवलोकन किया। दीदी कैफे का शुभारंभ बुधवार को ही किया गया है, जिसका संचालन नलखेड़ा विकासखंड के ग्राम इकलेरा की महिलाओं द्वारा किया जा रहा है। कैफे का संचालन कृष्णा स्वयं सहायता समूह की सदस्य महिलाओं द्वारा किया जा रहा है। अवलोकन के दौरान कलेक्टर ने समूह की महिलाओं से संवाद किया और कैफे के संचालन, आय के स्रोतों तथा भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की। उन्होंने केंटीन के विस्तार की संभावना पर भी विचार व्यक्त करते हुए समूह की महिलाओं को प्रोत्साहित किया। साथ ही समूह द्वारा संचालित अन्य गतिविधियों की जानकारी भी प्राप्त की। इस अवसर पर आजीविका मिशन के सहायक ब्लॉक प्रबंधक लाखन सोलंकी एवं कालू सिंह बामनिया, तहसीलदार प्रियंक श्रीवास्तव, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बांध व पंप हाउस का कलेक्टर ने किया निरीक्षण, जानकारी ली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



कलेक्टर प्रीति यादव ने बुधवार को कुंडालिया सिंचाई परियोजना अंतर्गत निर्मित बांध एवं पंप हाउस का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर द्वारा बांध की जल भराव क्षमता, बाढ़ नियंत्रण व्यवस्था तथा जल आवंटन से संबंधित तकनीकी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके पश्चात ग्राम कोठड़ी में निर्मित पंप हाउस एवं परियोजना के अन्य अवयवों का निरीक्षण कर पंप स्काडा पद्धति से ऑटोमेटिक संचालन प्रणाली की जानकारी प्राप्त की गई। कलेक्टर ने संचालन के दौरान आने वाली समस्याओं जैसे ओएमएस बॉक्स एवं एएमएस बॉक्स से अवैध कनेक्शन, तोड़फोड़ एवं चोरी, तथा राजस्व वसूली से संबंधित विषयों पर भी चर्चा की। उन्होंने शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही के निर्देश दिए। इस अवसर पर परियोजना प्रबंधक ए.के. दीक्षित, सहायक प्रबंधक सुशील परमार, निर्मल पाटीदार, अर्पित सक्सेना तथा एलएंडटी कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर दिनेश खरबंदा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने पर क्षति वसूली और कानूनी कार्यवाही होगी

**नलखेड़ा।** जल निगम द्वारा जिले में पेयजल प्रदाय के लिए बिछाई गई पाइप लाइन निजी, सार्वजनिक हित एवं अन्य कारणों से क्षतिग्रस्त करने पर संबंधित से क्षति वसूली की कार्यवाही की जाएगी। महाप्रबंधक जल निगम घनश्याम उपाध्याय ने बताया कि जिले के ग्रामों में समूह जलप्रदाय योजनाओं के माध्यम से पेयजल प्रदाय किया जा रहा है। कई स्थानों पर बिछाई गई पाइप लाइन को निजी हित, सार्वजनिक प्रयोग अथवा अन्य कारणों से क्षतिग्रस्त कर दिया जाता है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों की पेयजल प्रदाय व्यवस्था बाधित होती है। ऐसी स्थिति में पाइप लाइन क्षतिग्रस्त कर जलप्रदाय बाधित करना क्षति की वसूली एवं कानूनी कार्यवाही की श्रेणी में आता है। जिले के नागरिकों से अपील है कि पेयजल हेतु बिछाई गई पाइप लाइन को किसी भी प्रकार से क्षतिग्रस्त नहीं करें अन्यथा संबंधित पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## प्रति मंगलवार निकल रहे हनुमान जी के झंडे धर्म जागरण का बन रहे माध्यम



**नलखेड़ा।** नगर में प्रति मंगलवार रात्रि को नगर की दो झंडा मंडलियों द्वारा नगर में हनुमान जी के झंडे निकाले जा रहे हैं। हनुमान जी के झंडों ने जहां एक उत्सव का रूप ले लिया है वहीं ये धर्म जागरण का माध्यम भी बन रहे हैं। चंद युवाओं द्वारा एक वर्ष से अधिक समय पूर्व प्रारंभ किए गए इस झंडे में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं का कारवां विशाल रूप ले चुका है।
नगर के गोविंदपुरा की संकटमोचन हनुमान मंडली द्वारा प्रत्येक मंगलवार को गोविंदपुरा स्थित श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर से हनुमान जी का झंडा निकालना प्रारंभ किया था, जो गोविंदपुरा से शिवाजी मार्ग होते हुए चौक बाजार स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पहुंचता है जहां मंडली के सदस्य देर तक भजन कीर्तन करते हैं।
इसके साथ ही कुछ माह पूर्व डोकरपुरा की झंडा मंडली द्वारा भी हनुमान जी का झंडा निकालना प्रारम्भ किया। यह झंडा भी डोकरपुरा से तहसील रोड हनुमान मंडी होते हुए रात्रि लगभग 9 बजे श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पहुंचता है। पंचमुखी हनुमान मंदिर पर दोनों झंडा मंडलियों द्वारा सामूहिक रूप से भजनों की प्रस्तुति दी जाती है। इस दौरान चौक बाजार में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहते हैं। भजनों की प्रस्तुति के बाद चौक बाजार में भजन मंडलियों का स्वागत एवं प्रसादी का आयोजन होता है।

### आश्रम में मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाया

# माता-पिता के चरणों में है असली जन्नत : यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



संत आशाराम बापू आश्रम में मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने अपने माता-पिता, अभिभावकों व गुरुजनों को तिलक लगाकर अक्षत व पुष्प चढ़ाकर उन्हें प्रसाद खिलाकर उनका सम्मान किया तथा उन्हें माला पहनाकर आरती उतारी तथा उनकी सात परिक्रमा कीं। माता-पिता ने भी बच्चों को गले लगाकर आशीर्वाद दिया। इस दौरान माता-पिता व बच्चे आपसी प्रेम पाकर भावविभोर हो गए उनकी आंखों से प्रेम के आंसू छलक आए।

समिति प्रवक्ता ने बताया कि सनातन संस्कृति के शास्त्रों में माता-पिता के सम्मान में मातृदेवो भवः पितृ देवो भवः आचार्य देवो भवः का वर्णन आता है। इन संस्कारों को पुनर्स्थापित करने के लिए वेलेन्टाइन डे के स्थान पर मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाया जाता है। इस मातृ-पितृ पूजन दिवस पर्व की शुरुआत संत आशाराम बापू की प्रेरणा से सन 2006 में हुई थी। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन अतिथियों के स्वागत व स्वागत गीत से हुई। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में दाऊलाल मित्तल सोनू जायसवाल कैलाश सेठी हीरालाल सोनी योग वेदांत सेवा समिति अध्यक्ष कैलाश राठौर रामेश्वर पाटीदार मोहनसिंह राजपूत सीताराम गुप्ता राधेश्याम पाटीदार बद्रीलाल धाकड़ अभिषेक राठौर लोकेश गुप्ता सम्मलित हुए। इस दौरान आगर से आए सत्यनारायण यादव ने कहा कि असली जन्नत तो माता-पिता के चरणों में है इनके पूजन करने वाला वातावरण वैकुण्ठमय हो जाता है। इस मातृ-पितृ पूजन दिवस के प्रेरक पूज्य बापूजी का समाज इस पहल के लिए ऋणी रहेगा। बच्चों ने हर वर्ष 14 फरवरी को मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाने का संकल्प लिया।

## विद्युत लाइन के तार चोरी होने से तीन ग्राम अंधेरे में, ग्रामीण परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

गत दिनों किलोना जोड़ से अटल ज्योति योजना की विद्युत लाइन के तार चोरी हो गए थे तब से आज तक तीन ग्राम अंधेरे में हैं। बिजली नहीं मिलने से ग्रामीणजन परेशान हैं। वहीं परीक्षाएं होने के कारण छात्रों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है।

ग्राम पिपलखेड़ी के सिद्धनाथ शर्मा ग्राम रिंछि के मांगूसिंह एवं ग्राम किलोना के धीरबसिंह ने बताया कि गत शनिवार की रात्रि में आमला-नलखेड़ा मार्ग से तीखी डूंगरी वाले मार्ग पर स्थित तालाब से किलोना मार्ग तक के लगभग 8 गालों की अटल ज्योति विद्युत लाइन के तार चोरी हो गए थे। तब से तीनों ग्रामों में अंधेरा पसरा हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि विद्युत कंपनी द्वारा ग्रामों की विद्युत बहाल करने हेतु कोई वैकल्पिक व्यवस्था नही की गई है जिसके कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में बोर्ड परीक्षाएं चल रही है ऐसे में बिजली नही होने से छात्रों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। साथ ही बिजली के अभाव में ग्रामीण स्वयं व अपने पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था भी नही कर पा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि हमारे मोबाइल भी चार्ज नही हो पा रहे है जिन्हें चार्ज करने के लिए नलखेड़ा अथवा अन्य ग्रामों में जाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने विद्युत वितरण कंपनी से तीनों ग्रामों की बिजली बहाल करने के लिए तत्काल व्यवस्था करने की मांग की है।

### रोजगार मेले में 1366 पदों पर की जाएगी युवाओं की भर्ती

**सीहोर।** युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 19 फरवरी को सीहोर स्थित डॉ. अम्बेडकर शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में सुबह 11 बजे से युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले में रोजगार विभाग द्वारा स्थानीय, प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार प्रदान किया जायेगा। रोजगार मेले में वर्धमान फेब्रिक्स, ट्राइडेंट ग्रुप, आयशर कंपनी, एचडीएफसी बैंक, श्रीराम फाइनेंस, स्वरर्ना फर्टिलाइजर, एसबीआई लाइफ, पुष्पक एग्रोटेक, एमआरएफ लिमिटेड सहित 19 कंपनियों द्वारा लगभग 1366 पदों पर युवाओं की भर्ती की जाएगी। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा स्वरोजगार विभागों के स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा एवं नये प्रकरण तैयार किये जायेंगे। इसके साथ ही आईटीआई विभाग द्वारा अप्रेंटिसशिप के लिये युवाओं को चयनित किया जायेगा। इच्छुक आवेदक अपने सभी मूल दस्तावेजों के साथ 19 फरवरी को रोजगार मेले में उपस्थित हो सकते हैं।

### 17 फरवरी से 19 मार्च तक चलेगा अभियान

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार वर्ष 2025-26 के दस्तक अभियान का दूसरा चरण 17 फरवरी 2026 से 19 मार्च 2026 तक चलाया जाएगा। इस चरण के दौरान स्वास्थ्य विभाग और महिला बाल विकास विभाग के कार्यकर्ताओं द्वारा अनेक स्वास्थ्य सेवाएं दी जाएंगी। सीएमएचओ डॉ सुधीर डेहरिया ने बताया कि दस्तक अभियान के दूसरे चरण में कार्यकर्ताओं द्वारा 09 माह से 05 वर्ष तक के सभी बच्चों को विटामिन ए का अनुपूरण किया जाएगा। इसके साथ ही अभियान के प्रथम चरण में चिन्हित किए गए एनीमिक बच्चों का फॉलोअप, जाँच एवं प्रबंधन किया जाएगा।

### प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना में पंजीयन के लिए लग रहे शिविर

# योजना में पंजीयन कराने कलेक्टर ने श्रमिकों से की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशनुसार जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में असंगठित श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से विशेष पंजीयन अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत जिले के नगर परिषद एवं नगरपालिका कार्यालयों में प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के अंतर्गत पंजीयन के लिए शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

कलेक्टर द्वारा श्रमिकों से अपील की गई है कि वे इन शिविरों में पहुंचकर योजना का लाभ लें। प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए एक स्वैच्छिक एवं अंशदायी पेंशन योजना है, जिसका उद्देश्य श्रमिकों को बुढ़ापे में आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है। योजना के तहत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे श्रमिक, जिनकी मासिक आय 15 हजार रुपये या उससे कम है, वे नामांकन कर सकते हैं। 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर उन्हें प्रतिमाह 3 हजार रुपये की पेंशन प्रदान की जाती है। योजना में श्रमिकों को आयु के अनुसार 55 रुपये से 200 रुपये प्रतिमाह तक का अंशदान 60 वर्ष की आयु तक करना होता है। लाभार्थी की मृत्यु होने पर उसके पति या पत्नी को 50 प्रतिशत अर्थात 1500 रुपये प्रतिमाह पारिवारिक पेंशन के रूप में प्रदान किए जाने का प्रावधान है। योजना के अंतर्गत स्ट्रीट वेंडर, रिक्शा चालक, निर्माण श्रमिक, घरेलू कामगार, हम्माल, कृषि श्रमिक तथा अन्य असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिक आवेदन कर सकते हैं।

पंजीयन के लिए श्रमिकों का आधार कार्ड, जनधन बैंक खाता तथा मोबाइल नंबर आवश्यक दस्तावेज हैं। इच्छुक श्रमिक कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) अथवा संबंधित पोर्टल के माध्यम से भी पंजीकरण करा सकते हैं। कलेक्टर बालागुरू के ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शिविरों में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए तथा अधिक से अधिक पात्र श्रमिकों का पंजीयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि जिले के असंगठित श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा का लाभ समय पर मिल सके।

# कर संग्रहण में सीहोर नपा ने मारी बाजी, प्रदेश की टॉप 10 सूची में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

नगरीय निकायों को वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सीहोर नगर पालिका ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

कर संग्रहण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए मध्यप्रदेश सरकार ने सीहोर सहित प्रदेश की 10 चुनिंदा नगर पालिकाओं को प्रोत्साहन राशि जारी की है। राज्य शासन ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कुल 2.20 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त संकेत भोंडवे के अनुसार राज्य स्तर पर गठित विशेषज्ञ समिति ने राजस्व संग्रहण के कड़े मानदंडों पर निकायों का मूल्यांकन किया था।

इस मूल्यांकन में सीहोर नगर पालिका ने अपनी कार्यकुशलता और पारदर्शिता का परिचय देते हुए प्रदेश की शीर्ष 10 नगर पालिकाओं में स्थान बनाया है। सीहोर के साथ इस सूची में विदिशा, खरगोन, मंदसौर और बैतूल जैसे शहर भी शामिल हैं।

#### जारी हुई दूसरी किस्त

योजना के सफल क्रियान्वयन के तहत चयनित निकायों को प्रोत्साहन राशि की पहली किस्त 55 लाख रुपये पहले ही दी जा चुकी है। अब आयुक्त द्वारा 55 लाख रुपये की दूसरी किस्त भी जारी करने के आदेश दे दिए गए हैं। इस राशि का उपयोग नगर पालिका अपने वित्तीय सुदृढ़ीकरण और विकास कार्यों के लिए कर सकेगी।

#### आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम

इस योजना का मुख्य उद्देश्य स्थानीय निकायों को टैक्स वसूली के प्रति प्रोत्साहित करना है ताकि वे सरकारी अनुदान के साथ-साथ स्वयं के राजस्व से भी आत्मनिर्भर बन सकें। सीहोर नगर पालिका के इस प्रदर्शन से शहर में विकास कार्यों को गति मिलने की उम्मीद है।

## खबर संक्षेप

### आबकारी विभाग ने कार्रवाई कर प्रकरण किए दर्ज



**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार जिले में आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा निर्माण, विक्रय एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आबकारी विभाग के दल द्वारा वृत्त बागली एवं कन्नौद अंतर्गत पुंजापुरा, पलासी, बोरखलिया, कांटाफोड़ आदि क्षेत्रों में ढाबों एवं संदिग्ध स्थानों पर सर्चिंग कर कार्रवाई की गई। कार्रवाई में 60 पाव देशी मदिरा प्लेन एवं 13 कैन बियर बरामद किया गया। कार्रवाई में कुल 05 प्रकरण मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) के तहत दर्ज किए गए है, जप्त सामग्री का मूल्य लगभग 6060 रुपये है। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक प्रेम यादव, आबकारी आरक्षक राजेश जोशी, अरविंद एवं गीतेश शामिल थे।

### पदाधिकारियों के पद की चयन प्रक्रिया संपन्न

**देवास।** माहेश्वरी महिला संगठन, देवास के अध्यक्ष, सचिव एवं समस्त पदाधिकारियों के पद की चयन प्रक्रिया सर्वसम्मति से सम्पन्न हुई। सोनकच्छ से पधारी पर्यवेक्षक मनीषा लाठी व चुनाव अधिकारी इंदु सोमानी के मार्गदर्शन में विधिवत चयन प्रक्रिया संपन्न हुई। पूरी चयन प्रक्रिया के दौरान महिला संगठन की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रही। माहेश्वरी महिला संगठन में अध्यक्ष पद हेतु अनिता मंत्री के नाम का प्रस्ताव संगठन की वरिष्ठ पदाधिकारी मणी डागा ने रखा जिसका समर्थन संगठन की वरिष्ठ पदाधिकारी सरोज भूतड़ा ने किया। संगठन के सचिव पद हेतु प्रस्ताव संगठन की वरिष्ठ पदाधिकारी शीला डागा ने रखा और समर्थन मध्यांचल सहप्रभारी रंजना परवाल ने किया। उपस्थित सदस्य बहनों ने अपनी सहमति दी और करतल ध्वनि के साथ हर्ष व्यक्त किया और अन्य सभी पदाधिकारियों का चयन संगठन के संवरक्षक मंडल द्वारा किया गया जिसमें सहसचिव रीतु थेपड़ियि, उपाध्यक्ष उमा डागा, कोषाध्यक्ष मीनाक्षी (मीनू) डागा, संगठनमंत्री उषा भूतडा, प्रचार प्रसारमंत्री विजया भूतड़ा तथा सदस्य मीना गगरानी आदि नियुक्त किए गए।

### एमआर-1 रोड निर्माण में देरी: कांग्रेसी उतरे सड़क पर, बनाई मानव श्रृंखला

# कांग्रेस ने लगाए आरोप: जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण रोड का कार्य लंबित




### कैलादेवी चौराहा से बायपास तक प्रस्तावित मार्ग के निर्माण में देरी के बाद किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर के बहुप्रतीक्षित एमआर-1 रोड निर्माण को लेकर कांग्रेसी सड़क पर उतर आए। कैलादेवी चौराहा से बायपास तक प्रस्तावित मास्टर प्लान मार्ग के निर्माण में लगातार हो रही देरी से क्षेत्र के रहवासी नाराज है, जिसको लेकर शहर कांग्रेस और जिला कांग्रेस ने बुधवार शाम केला देवी रोड पर मानव श्रृंखला बनाकर प्रदर्शन किया।उक्त मार्ग मास्टर प्लान में शामिल एक महत्वपूर्ण सड़क है, जिससे बायपास तक आवागमन सुगम होता और नए बस स्टैंड की दिशा में ट्रैफिक दबाव भी कम होता। आसपास की कई कॉलोनियों में प्लॉट भी इसी आधार पर बेचे गए थे कि यहां से मेजर रोड निकलेगा। लंबे समय से केला देवी चौराहे से आगे तक बनने वाली एमआर-1 रोड का निर्माण कार्य लंबित पड़ा हुआ है। इसके शीघ्र निर्माण की मांग को लेकर बुधवार को शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम एवं जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष मनीष चौधरी के नेतृत्व में एक वृहद मानव श्रृंखला बनाई गई। मानव श्रृंखला का उद्देश्य प्रशासन का ध्यान आकर्षित कर सड़क निर्माण कार्य जल्द शुरू कराना था। इस अवसर पर गौतम एवं चौधरी ने बताया कि रोड निर्माण का कार्य भारतीय जनता पार्टी से जुड़े ठेकेदार समदड़िया ग्रुप को दिया गया था, लेकिन लगातार मांग के बावजूद निर्माण कार्य शुरू नहीं किया जा रहा है, जिससे क्षेत्रवासियों में आक्रोश व्याप्त है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण एमआर-1 रोड का कार्य लगातार विलंबित हो रहा है। विरोध



प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्थानीय विधायक एवं महापौर के विरुद्ध नारेबाजी की। कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समय रहते सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया, तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर धरना-प्रदर्शन करते हुए न्याय के लिए संघर्ष जारी रखेगी। इस अवसर पर कांग्रेस नेता एवं पूर्व महापौर रेखा वर्मा, गुरचरण सिंह सलूजा, भगवान सिंह चावड़ा, सुधीर शर्मा, रोशन रायकवार, रितेश त्रिपाठी, विक्रम मुकाती, जितेंद्र सिंह गौड़, वंदना पांडे, रूपेश कल्याने, प्रतीक शास्त्री, धीरज कल्याने, राजा पडियार, अक्षय बाली, हिम्मत सिंह चावड़ा, दिग्विजय सिंह झाला, शाहिद मोदी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# नकली चांदी के सिक्के गिरवी रख कर धोखाधड़ी करने वाले आरोपियों को किया गिरफ्तार

### 153 नकली चांदी के सिक्के जब्त




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कोतवाली पुलिस ने नकली चांदी के सिक्के गिरवी रख 55 हजार रुपये की धोखाधड़ी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया है। फरियादी अमरिश चौधरी पिता दिलीप सिंह चौधरी उम्र 48 वर्ष निवासी म.नं.137 महात्मा गांधी मार्ग देवास द्वारा थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उनकी "कंचन ज्वेलर्स" नाम से सोने-चांदी के आभूषणों की दुकान है। फरियादी ने बताया कि मिर्जा बाखल देवास निवासी तोसिफ पिता अबरार खान जो रतलाम ज्वेलर्स देवास में कार्यरत था,पूर्व परिचित होने के कारण मंगलवार दोपहर लगभग 02:00 बजे उनकी दुकान पर आया और 50 चांदी के सिक्के गिरवी रखकर 55,000/- रुपये उधार लिए। परिचय होने के कारण फरियादी ने तत्काल सिक्कों की शुद्धता जांच नहीं की । बाद में जांच करने पर सभी 50 सिक्के नकली पाए गए। आरोपी द्वारा असली चांदी के सिक्के बताकर नकली सिक्के देकर 55,000/- रुपये की धोखाधड़ी करना पाया गया। उक्त रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 79/17.02.2026 धारा 318(4) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक श्यामचंद्र शर्मा के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। विश्वसनीय मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी की पहचान कर तौसीफ, आमेर खान, जमशेद खान, शादाब खान को गिरफ्तार किया।आरोपी के कब्जे से कुल 153 नकली चांदी के सिक्के जप्त कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही का जा रही है ।

### सीईओ शर्मा ने विभिन्न विभागों में लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा की



**देवास।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ज्योति शर्मा ने विभिन्न विभागों में लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा की। इस दौरान कृषि विभाग, कृषि उपज मंडी, पशु पालन विभाग, जनजातिय कार्य विभाग, शिक्षा विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग, लोक स्वास्थ एवं परिवार कल्याण विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, श्रम विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के साथ पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत उपस्थित थे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने विभागों में लम्बित सीएम हेल्पलाइन की गहन समीक्षा करते हुए दो सौ दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों को एक सप्ताह में निराकृत करने के निर्देश दिये। उन्होंने शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बरतने पर कार्रवाई के निर्देश भी दिए।

### स्लम बस्तियों में चलाया विशेष स्वच्छता अभियान



**देवास।** आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 को दृष्टिगत रखते हुए स्लम बस्तियों में भी विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें सफाई मित्रों की विशेष गैंग द्वारा नाला-नाली, गलियों की सघन सफाई, कचरा उठाव और फॉगिंग की जा रही है। शहर के साथ स्लम बस्तियों मे भी चलायें स्वच्छता अभियान- आयुक्त दलीप कुमार के निर्देशन में निगम की स्वच्छता टीम के द्वारा प्रतिदिन अलग अलग वार्डो में स्वच्छता अभियान चलाये जाने के साथ ही स्लम बस्तियों मे भी विशेष स्वच्छता अभियान निगम की टीम द्वारा चलाया गया। जिसमें वार्ड 27 पुराना मछली बाजार स्थित स्लम बस्ति व वार्ड 29 टेकरी मार्ग पर स्थित स्लम बस्ति पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाकर गलियों व नालियों तथा खुले स्थानों पर सफाई मित्रों ने व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण जैसे रिफ्लेक्ट जैकेट, मास्क, ग्लब्स मौजे, ग़म्बूट जूते आदि पीपीई कीट पहनकर सफाई कार्य किया।

### उप पंजीयक कार्यालय पर रजिस्ट्रार की नियुक्ति



**चापडा।** तहसील बागली में विगत कई दिनों से उप पंजीयक पद रिक्त रहा है, तहसील बागली में सुचारू रूप से कार्य हो सके, इसी को देखते हुए सोनाली बर्णवाल को रिक्त पद पर पदस्थ किया। उनके पदभार ग्रहण पर रविंद्र दांगी एवं एडवोकेट योगेंद्र दांगी, धारा सिंह पाटीदार, मयंक पाटीदार द्वारा सम्मानित किया गया।

# पुलिस ने 53.5 लीटर देशी प्लेन शराब व बीयर की जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

क्षेत्र में बढ़ते अवैध शराब कारोबार के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए 53.5 लीटर देशी प्लेन शराब एवं बीयर जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस थाना बागली के प्रभारी अभिनव शुक्ला के मार्गदर्शन में चापड़ा पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी राकेश चौहान एवं टीम ने सूचना के आधार पर इंदौर रोड स्थित सौदागर की दुकान पर दबिश दी। मौके से मुलचंद पिता हीरालाल प्रजापत (55 वर्ष) निवासी श्याम नगर, चापड़ा तथा लोकेन्द्र पिता कमलसिंह राजपूत (35 वर्ष) निवासी बामनखेड़ी को अवैध शराब के साथ पकड़ा गया।पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 53.5 लीटर देशी प्लेन शराब व बीयर जब्त की तथा परिवहन में प्रयुक्त वाहन क्रमांक MP 37 BB 0130 भी जप्त किया। आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार आरोपी मुलचंद के खिलाफ पूर्व में भी आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं।इस सराहनीय कार्रवाई में थाना प्रभारी अभिनव शुक्ला, चापड़ा प्रभारी राकेश चौहान, प्रमोद मेहना, बलराम परमार, विवेक गांगे एवं सुरेन्द्र सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने किया नकबजनी का खुलासा




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने बुधवार को गंगानगर में हुई नकबजनी का खुलासा किया।17 फरवरी को थाना औद्योगिक क्षेत्र देवास पर फरियादी अरुण पांडे निवासी कालानीबाग देवास ने थाना औद्योगिक क्षेत्र पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि गंगा नगर स्थित उनके स्क्रैप गोदाम की दीवार तोड़कर अज्ञात बदमाशों ने चोरी की है। चोरों ने गोदाम से भारी मात्रा में कमानी के पत्ते, क्लच प्लेट, पिस्टन, लोहे की रॉड, एसी ब्लोवर, तीन बैटरी और पानी की मोटर चोरी कर ली थी। फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 142/2026 धारा 305(A) एवं 331(4) के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद द्वारा नकबजनी के आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र शशिकांत चौरसिया के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने 'ऑपरेशन त्रिनेत्रम' के अंतर्गत घटनास्थल के आसपास लगे 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की सघन जांच की। फुटेज के विश्लेषण के दौरान कुछ संदिग्ध महिलाएं क्षेत्र में घूमती हुई दिखाई दीं। टीम द्वारा तत्काल महिला आरोपियों की घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में महिला आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे कचरा बीनने के बहाने कॉलोनियों और औद्योगिक क्षेत्रों की रेकी करती हैं और मौका मिलते ही संगठित गिरोह के रूप में चोरी की वारदात को अंजाम देती हैं। पुलिस ने उक्त महिला आरोपियों से चोरी गया संपूर्ण मश्रुका कीमती करीबन 60 हजार रुपये का जप्त किया । उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र उनि नरेन्द्र अम्करे, आर अजय जाट,लक्ष्मीकांत शर्मा,मआर मोनिका शर्मा की भूमिका रही।

### शहर के मक्सी रोड पर सड़क पर फैले खाद्य तेल से हुए हादसे

# आधा दर्जन वाहन फिसले, बाइक सवार युवक घायल





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मंगलवार सुबह करीब 10:30 बजे देवास में विधायक निवास के पास, देवास कृषि उपज मंडी के समीप स्थित पेट्रोल पंप के सामने सड़क पर खाद्य तेल के पैकेट फटने से तेल फैल गया।

तेल फैलते ही सड़क फिसलन भरी हो गई और मंडी से भोपाल चौराहे की ओर जाने वाले मार्ग पर वाहन चालकों का संतुलन बिगड़ने लगा।

देखते ही देखते करीब आधा दर्जन वाहन फिसलकर गिर गए।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक लोडिंग ऑटो फिसलकर डिवाइडर से टकरा गया, जबकि अचानक ब्रेक लगाने के कारण दो कारें आपस में टकराकर क्षतिग्रस्त हो गईं। इस दौरान मेंढकी निवासी दोपहिया चालक जयदीप ठाकुर घायल हो गए। मौके से गुजर रहे नाहर दरवाजा पुलिसकर्मी अक्षय देवड़ा ने तत्परता दिखाते हुए 108 एम्बुलेंस की सहायता से घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया।

#### सूचना मिलते ही सक्रिय हुआ अमला, दमकल ने धोकर साफ की सड़क

घटना की जानकारी तुरंत ट्रैफिक टीआई पवन बागड़ी एवं नगर निगम फायर अमले के अनुभव चंदेल को दी गई। सूचना मिलते ही दमकल टीम मौके पर पहुंची और सड़क पर फैले तेलनुमा पदार्थ को पानी से धोकर साफ किया, जिससे यातायात सुचारू हो सका।

स्थानीय लोगों ने बताया कि अचानक सड़क पर फैले तेल के कारण वाहन चालकों को संभलने का मौका तक नहीं मिला और एक के बाद एक वाहन फिसलते चले गए। जिस के कारण कई लोग हादसे में घायल हो गए। समय रहते पुलिस और निगम अमले की सक्रियता से बड़ा हादसा टल गया।

### आगामी त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

आगामी त्यौहार होली रंग पंचमी और ईद को लेकर भौरासा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें आने वाले त्योहारों को लेकर कई अहम फैसले लिए गए। बैठक में नगरवासियों से शांतिपूर्ण तरीके से सभी त्योहार मनाने की बात कही गई। बैठक में टोल बचाने नगर में से निकलने वाले बड़े वाहनों पर प्रतिबंध लगाने और अस्थाई रूप से किए गए अतिक्रमण को हटाने, एमजी रोड की पार्किंग हटाने कई निर्णय लिए गए। इस अवसर पर नवागत भौरासा थाना प्रभारी अनिता सिंह ने नगर के कई मुद्दों पर चर्चा की व सभी से मुलाकात कर परिचय किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी , नगर परिषद उपाध्यक्ष जय सिंह राणा व पार्षद गण एव नगर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पुरानी रंजिश में मारपीट का आरोप

**ललितपुर।** आपसी रंजिश को लेकर मारपीट का एक और मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल है।पीड़ित भरतलाल रिझारिया ने पुलिस को दी गई लिखित शिकायत में बताया कि उसका गांव के ही कुछ लोगों से पूर्व से विवाद चला आ रहा था। इसी रंजिश को लेकर आरोपियों ने उसे रास्ते में घेर लिया और गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों व हाथ-मुक्कों से बेरहमी से मारपीट की।पीड़ित का आरोप है कि हमले के दौरान आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। मारपीट में उसे गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद चोटों को गंभीर बताते हुए आगे के इलाज की सलाह दी। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

### नाबालिग पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में नाबालिग बालक के साथ घर में घुसकर की गई बेरहमी से मारपीट का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। शिकायती पत्र में पीड़ित ने बताया कि बीती 17 फरवरी को उसका 14 वर्षीय पुत्र घर पर पढ़ाई कर रहा था। इसी दौरान गांव के ही परमाल और सचेंद्र पुत्रगण हरिकिशन घर में जबरन घुस आए और बिना किसी कारण गाली-गलौज करते हुए बालक के साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित के अनुसार आरोपी बालक को मारते-पीटते हुए घर से बाहर दरवाजे तक ले आए। यहां परमाल ने बच्चे को पकड़ लिया, जबकि सचेंद्र ने लाठी-डंडों से उस पर ताबड़तोड़ प्रहार किए। मारपीट में बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। बच्चे की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े। वादी ने बताया कि शोर सुनकर जब वह बाहर आया तो देखा कि दोनों आरोपी उसके बेटे को लाठी-डंडों से पीट रहे थे। धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने दर्ज किया है।

### दो दिवसीय किसान मेला कल से

**ललितपुर ।** एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत दो दिवसीय किसान मेला/गोष्ठी का आयोजन उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की ओर से कल्याण सिंह सभागार रामनगर में 20 फरवर दिन को शुक्रवार को किया जा रहा है। प्रथम दिवस तकनीकी सत्र होगा जिसमें उद्यान, कृषि, मत्स्य, पशुपालन, सिंचाई आदि एवं अन्य कृषि सहयोगी विभागों द्वारा अपने-अपने स्टॉल लगाकर व मंच के माध्यम से कृषकों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

## कंट्रोल रुम से परीक्षा केंद्रों पर रखी जा रही पैनी नजर

# बोर्ड परीक्षा संपन्न कराने जिलाधिकारी व एसपी ने केंद्रों का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश, प्रयागराज द्वारा आयोजित हाईस्कूल, इंटरमीडिएट परीक्षा को शान्तिपूर्ण, सुचितापूर्ण और नकलविहीन सम्पन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार जिलाधिकारी सत्य प्रकाश और पुलिस अधीक्षक मो मुश्ताक ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने राजकीय इंटर कॉलेज, वर्णी जैन इंटर कॉलेज, एसडीएस और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में जाकर सभी विद्यालयों के कण्ट्रोल रुम में सीसीटीवी कैमरों से परीक्षा की गतिविधियों पर नजर रखी, जिसमें बच्चे परीक्षा देते हुए पाये गए। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी कैमरों का संचालन सुचारु रखा जाए और केन्द्र व्यवस्थापक पूरे समय सचेत रहकर कैमरों का संचालन देखते रहें। परीक्षा को पूर्णतः नकलविहीन सम्पन्न कराने में किसी भी स्तर पर लापरवाही न होने पाए। उन्होंने परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी कैमरे, वॉयस रिकॉर्डर व



राउटर आदि व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि परीक्षा को नकलविहीन एवं पारदर्शी बनाये रखने के लिए केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरे, वॉयस रिकॉर्डर, साफ-सफाई, परीक्षार्थियों के बैठने की उचित व्यवस्था, पेयजल एवं शौचालय आदि की व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त रखें। परीक्षा केंद्रों के कक्षों में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था रखें, इसके साथ ही कण्ट्रोल रुम से लगातार निगरानी करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि बोर्ड परीक्षा में सभी अधिकारी सम्वेदनशील रहकर अपने दायित्वों को पूर्ण करें। साथ ही नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराये जाने हेतु प्रश्न पत्रों की सुरक्षा पर कड़ी निगरानी रखते हुए शासन द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सभी स्टेटिक, सेक्टर एवं जोनल मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया कि परीक्षा केंद्रों का भ्रमण करते रहें, परीक्षा केंद्रों के अंदर मोबाइल फोन, कैलकुलेटर आदि कोई भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पूर्णतया प्रतिबंधित रखें। जिलाधिकारी ने सभी परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए तनावमुक्त रहने की सलाह दी और कहा कि तनाव मुक्त रहने के लिए विशेषज्ञों की सलाह मानें, परिवारीजन बच्चों का उत्साहवर्द्धन करें, उनसे बातचीत करें और पौष्टिक भोजन करायें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव, जिला विद्यालय निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पेट्रोल पंप पर ठगी

# सेल्समैन से 8,500 रुपए हड़पने का आरोप, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

थाना महरौनी क्षेत्र में पेट्रोल पंप पर ऑनलाइन भुगतान का झांसा देकर ठगी करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपी के विरुद्ध बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद से पेट्रोल पंप कर्मियों में रोष व्याप्त है और उन्होंने सतर्कता बढ़ाने की मांग की है।

यह मामला महरौनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत माता भवानी फिलिंग स्टेशन, नाराहट रोड से जुड़ा है। यहां कार्यरत सेल्समैन म.प्र. के जिला टीकमगढ़ निवासी अजय राय पुत्र बिहारी रायने पुलिस को दी गई लिखित तहरीर में बताया कि वह उक्त पेट्रोल पंप पर सेल्समैन के पद पर कार्य करता है।पीड़ित के अनुसार17 फरवरी 2026 की शाम लगभग 4 बजे थाना सौजना के ग्राम पथराई निवासी देवेन्द्र पुत्र काशीराममोटरसाइकिल से पेट्रोल पंप पर आया। आरोपी ने पहले 1500 रुपये का पेट्रोल डलवाया और इसके बाद अजय राय से कहा कि वह उसे 8500 रुपये नकद दे दे, जिसके बदले वह अपने मोबाइल फोन से कुल 10 हजार रुपये फोन-पे के माध्यम से ट्रांसफर कर देगा।पीड़ित ने बताया कि आरोपी की बातों पर भरोसा कर उसने मोटरसाइकिल में 1500 रुपये का पेट्रोल डाल दिया, लेकिन जब 8500 रुपये नकद देने से उसने मना किया तो आरोपी ने कहा कि वह मोबाइल से भुगतान कर चुका है और मौके से वहां से चला गया। कुछ देर बाद जब पीड़ित ने अपने मोबाइल फोन कीजांच की तो खाते में कोई राशि जमा नहीं हुई।इसके बाद पीड़ित ने आरोपी की तलाश शुरू की और उसे बाजार क्षेत्र में तालाब के पास पकड़ लिया। तत्पश्चात आरोपी को थाना महरौनी लाकर पुलिस के सुपुर्द किया गया। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी देवेन्द्र के विरुद्ध बीएनएस की धारा 318(4) के तहत एफआईआर संख्या0061/2026 पंजीकृतकीहै। इस घटना के बाद पेट्रोल पंप संचालकों और कर्मचारियों में चिंता का माहौल है। उनका कहना है कि डिजिटल भुगतान के बढ़ते चलन के बीच इस तरह की घटनाएं आम होती जा रही हैं, जिससे कर्मचारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है।

## नकली डीएपी खाद बेचने का खुलासा

# किसानों की फसल बर्बाद, दो व्यापारियों पर मुकदमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

किसानों को नकली डीएपी खाद बेचकर उनकी मेहनत और फसल से खिलवाड़ करने का गंभीर मामला सामने आया है। थाना महरौनी क्षेत्र में कृषि विभाग की जांच के बाद नकली उर्वरक बिक्री का खुलासा हुआ है। इस मामले में जिला कृषि अधिकारी की तहरीर पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई है। घटना से क्षेत्र के किसानों में भारी आक्रोश है और वे दोषियों पर सख्तकार्रवाईकीमांगकर रहे हैं। महरौनी के ग्राम पठा निवासी किसान रामलखन ने जनवरी माह में शिकायत दर्ज कराई थी कि उन्होंने मटर की फसल के लिए डीएपी खाद खरीदी थी, लेकिन खाद डालने केकुछ ही दिनों बाद खेतों में हरियाली आने के बजाय फसल पीली पडऩे लगी और धीरे-धीरे सूखने लगी। फसल में अपेक्षित अंकुरण नहीं हुआ, जिससे किसान को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा।

### जांच में खुली नकली खाद की पोल

किसान की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ललितपुर के निर्देश पर कृषि विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर खेतों का निरीक्षण किया। जांच में प्रथम दृष्टया फसल पर नकली डीएपी खाद का प्रतिकूल प्रभाव पाया गया। इसके बाद कृषि विभाग ने ग्राम पठा स्थित मे. देवता ट्रेडर्स नामक उर्वरक विक्रेता की दुकान और गोदाम का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान दुकान में उपलब्ध डीएपी खाद का स्टॉक संदिग्ध पाया गया। पोर्टल व अभिलेखों की जांच में डीएपी खाद का वैध स्टॉक शून्य दर्शाया गया। इसके बावजूद बिक्री किए जाने के साक्ष्य सामने आए। मौके से डीएपी खाद की एक बोरी जब्त कर उसका नमूना जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया।

### प्रयोगशाला रिपोर्ट में नकली साबित

प्रयोगशाला से 13 फरवरी 2026 को प्राप्त रिपोर्ट में डीएपी खाद अमानक (नकली) पाई गई। रिपोर्ट के आधार पर यह स्पष्ट हो गया कि किसानों को जानबूझकर नकली डीएपी खाद बेची गई, जिससे उनकी फसल को भारी नुकसान पहुंचा।जांच में यह भी सामने आया कि किसान द्वारा 20 अक्टूबर 2025 को खाद की खरीद के एवज में 9,000 रुपये की ऑनलाइन पेमेंट की गई थी, जिससे बिक्री का तथ्य प्रमाणित होता है।

### दो नामजद आरोपियों पर मुकदमा

जिला कृषि अधिकारी राजीव कुमार भारती की तहरीर पर थाना महरौनी में मे.देवता ट्रेडर्स के संचालक ग्राम पठा निवासी संदीप विदुआ और राहुल विदुआ के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत एफआईआर संख्या 0062/2026 दर्ज की गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### किसानों में आक्रोश, सख्त कार्रवाई की मांग

इस घटना के बाद क्षेत्र के किसानों में भारी नाराजगी है। किसानों का कहना है कि नकली खाद के कारण उनकी पूरी फसल चौपट हो गई, जिससे उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि दोषी उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस निरस्त किए जाएं और उनके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यापारी किसानों की मेहनत से खिलवाड़ न कर सकें। कृषि विभाग और प्रशासन ने साफ किया है कि नकली खाद, बीज या कीटनाशक बेचने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। जिले भर में उर्वरक दुकानों की सघन जांच अभियान चलाया जाएगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## डीएम को पत्र लिखकर शिकायत की, कार्य स्वतंत्र रूप से करने सुरक्षा मांगी

# राजस्व निरीक्षक ने नपा अध्यक्ष के पति पर लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



नगर पालिका परिषद में प्रशासनिक कार्यप्रणाली को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। नगर पालिका की राजस्व निरीक्षक सीमा कुशवाहा ने डीएम को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि नगर पालिका अध्यक्ष पति द्वारा उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया तथा कार्य में लगातार हस्तक्षेप किया जा रहा है। राजस्व निरीक्षक ने पत्र में उल्लेख किया है कि वह तबीयत खराब होने के चलते 27 जनवरी से 29 जनवरी तक अवकाश पर थीं। इसके बाद 30 जनवरी से 16 फरवरी तक वह अधिशाषी अधिकारी से अनुमति लेकर चिकित्सीय अवकाश पर थीं। अवकाश समाप्त होने के बाद जब वह 17 फरवरी को कार्यालय पहुंचीं तो अध्यक्ष पति द्वारा उन पर अनुचित दबाव बनाया गया और राजस्व से जुड़े कार्यों में मनमाने तरीके से हस्तक्षेप किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि अध्यक्ष पति द्वारा शासकीय भाषा और मर्यादा का उल्लंघन करते हुए उनसे अभद्र शब्दों का प्रयोग किया गया।

पत्र में यह भी कहा गया है कि राजस्व निरीक्षक द्वारा नगर पालिका के कार्यों में नियमों के अनुरूप कार्रवाई की जा रही थी, लेकिन अध्यक्ष पति द्वारा निजी हितों को साधने के उद्देश्य से दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना सक्षम प्राधिकारी के आदेश के किसी भी फाइल या प्रकरण में हस्तक्षेप करना नियम विरुद्ध है। राजस्व निरीक्षक ने यह भी आरोप लगाया कि उनके द्वारा इस पूरे मामले की जानकारी पूर्व में भी उच्च अधिकारियों को दी गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने जिलाधिकारी से अनुरोध किया है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा उन्हें शासकीय कार्य स्वतंत्र रूप से करने की सुरक्षा प्रदान की जाए। मामले की प्रतिलिपि नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव, स्थानीय निकाय निदेशक तथा अपर आयुक्त को भी भेजी गई है। अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन इस शिकायत पर नगर पालिका परिषद में चल रहे कथित हस्तक्षेप पर क्या कार्रवाई होती है।

### बिना स्वीकृत अवकाश का स्पष्टीकरण मांगने पर लगाए आरोप

नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सोनाली जैन ने जिलाधिकारी से मुलाकात की है। डीएम से मुलाकात के बाद पत्रकारों से वार्ता करते हुये नपाध्यक्ष ने बताया कि सीमा कुशवाहा पिछले काफी समय से बिना किसी स्वीकृत अवकाश के गायब थीं। जब वह उनके कार्यालय में पहुंची तो उन्होंने यही जानकारी चाही। इस पर राजस्व निरीक्षक द्वारा जानकारी नहीं दी। इस पर उन्होंने राजस्व निरीक्षक से स्पष्टीकरण मांगने के निर्देश देते हुये शासन से पत्राचार किया है। इसी बात से क्षुब्ध होकर राजस्व निरीक्षक ने उनके पति पर आरोप लगाये हैं। नपाध्यक्ष ने कहा कि वह सक्षम महिला हैं और निर्णय लेने में भी सक्षम हैं। उनके पति केबल उन्हंत लेने के लिए कार्यालय पहुंचे थे, इसी बात का लाभ उठाते हुये राजस्व निरीक्षक ने उनके पति पर बेबुनियाद आरोप लगाये हैं।

## महंत गोपी दास महाराज की स्मृति में श्रीमद्भागवत कथा

ललितपुर। श्री हनुमान धारा स्थित संस्कृत वेद विद्या गुरुकुलम में गोलोकवासी महंत गोपी दास महाराज की प्रथम पुण्य स्मृति महोत्सव के पावन अवसर पर श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कथा व्यास महामंडलेश्वर महंत राधा मोहन दास महाराज द्वारा श्रद्धालुओं को भागवत रस का अमृतपान कराया जा रहा है। प्रातःकाल की बेला में आचार्य पंडित कमलेश शास्त्री रामानुज मिश्रा ने विधि-विधानपूर्वक आवाहित देवी-देवताओं का पूजन संपन्न कराया। मुख्य यजमान पंडित श्यामाकांत चौबे एवं वंदना चौबे ने श्रद्धा और भक्ति भाव से पूजन किया।तृतीय दिवस की कथा में पूज्य महाराज श्री ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण मात्र से समस्त पापों का क्षय होता है और मनुष्य को जीवन का सच्चा मार्ग प्राप्त होता है। कथा के दौरान भक्ति, ज्ञान और वैराग्य के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि और समाज में सद्भाव स्थापित करने का माध्यम है। वहीं भंडारा यजमान के रूप में अजय तिवारी नीलू, मयंक वैद्य, माधव चौबे, राजीव बबेले सप्पू, टिंकल हुण्डैत, हरिशंकर साहू, विवेक सडैया सहित अनेक श्रद्धालुओं ने सेवा का दायित्व निभाया। प्रियंक वैद्य, शिवम तिवारी, राजेश हवाई, संग्राम ग्वाला, भरत रावत, अंकुश उपाध्याय, अवध बिहारी उपाध्याय, कृष्ण विहार उपाध्याय, मीरा पचौरी, मनीष अग्रवाल, दीपक पाराशर, संतोष शर्मा मौजूद रहे।

## नागरिकों ने डीएम को ज्ञापन देकर लगाई गुहार

# तालाबपुरा में सड़क नाली पर कब्जा करने का आरोप

**ललितपुर।** नगर पालिका परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या-20 तालाबपुरा में नाली एवं सड़क पर किए जा रहे अवैध कब्जा कर निर्माण कार्यों के कारण आमजन का जीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। समस्या को लेकर स्थानीय नागरिकों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपते हुए तत्काल हस्तक्षेप और समाधान की मांग की है। प्रार्थना पत्र में नागरिकों ने बताया कि वार्ड-20 तालाबपुरा में मुख्य सड़क के मध्यनालीको बंद कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिससे मोहल्ले में आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है। सड़क संकरी होने के कारण छोटे वाहनों और स्कूली बच्चों को निकलने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार वाहन फंसने से दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। निवासियों का कहना है कि नाली के केप (ढक्कन) ठीक से नहीं लगाए गए हैं, जिससे गंदा पानी सड़क पर फैल रहा है। इससे बदबू, गंदगी और मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। हालात ऐसे हो गए हैं कि घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। बरसात के दिनों में स्थिति और भयावह हो सकती है।



शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया कि नगर पालिका द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों में मानकों का पालन नहीं किया जा रहा। बिना वैकल्पिक मार्ग बनाए सड़क और नाली को खोद दिया गया, जिससे पूरे मोहल्ले की आवाजाही ठप हो गई है। कई बार नगर पालिका अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। नागरिकों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि मौके पर निरीक्षण कराकर सड़क व नाली के निर्माण कार्य को नियमानुसार कराया जाए।

# जीआरपी में दर्ज 3 एफआईआर से गिरोह सक्रिय होने की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिले में रेलवे परिसरों और ट्रेनों के भीतर लगातार हो रही चोरी की घटनाओं ने यात्रियों में भय और असंतोष का माहौल पैदा कर दिया है। बीते दो दिनों के भीतर जीआरपी ललितपुर थाना क्षेत्र में तीन अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गई हैं, जिनमें सोने के आभूषण, नगदी, मोबाइल फोन और जरूरी दस्तावेज चोरी होने की शिकायतें सामने आई हैं। तीनों ही मामलों में चोरों ने भीड़ और यात्रियों की असावधानी का फायदा उठाकर वारदात को अंजाम दिया।

### पहला मामला- पंजाब मेल में जेवरात से भरा बैग गायब

बीती 17 फरवरी 2026 को एफआईआर संख्या 0015 दर्ज कराई गई। शिकायतकर्ता ललितपुर निवासी नितिन प्रताप सिंह ने बताया कि वह अपनी रिश्तेदार के साथ ट्रेन संख्या 12137 पंजाब मेल से ललितपुर से दतिया की यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान उनके पास एक बैग था, जिसमें घरेलू सामान के साथ स्टील का टिफिन रखा हुआ था। दतिया रेलवे स्टेशन पर उतरने के बाद जब बैग की जांच की गई तो टिफिन गायब मिला। पीड़ित के अनुसार, टिफिन के अंदर सोने के हार, झुमकी, चार अंगूठियां, पायल और मंगलसूत्र जैसे कीमती आभूषण रखे थे। चोरी का एहसास होते ही पीड़ित ने जीआरपी से संपर्क कर मामला दर्ज कराया। जीआरपी पुलिस ने इस प्रकरण में बीएनएस की धारा 305(सी) के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

### दूसरा मामला- रनिंग ट्रेन में महिला यात्री का बैग चोरी

दूसरा मामला एफआईआर संख्या0014 के रूपमें 16 फरवरी 2026 कोदर्जहुआ।शिकायतकर्तादिल्ली निवासी हरप्रीत कौरने बताया कि वह ट्रेन संख्या 12715 सेयात्राकर रही थीं। यह ट्रेन नांदेड़ साहिब से अमृतसर की ओर जा रही थी। यात्रा के दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनका बैग चोरी कर लिया। बैग में मोबाइल फोन, चार्जर, चश्मा, आईडी कार्ड, आधार कार्ड, आर्टिफिशियल ज्वैलरी और लगभग 2000 रुपये नकद मौजूद थे। चोरी हुए सामान की अनुमानित कीमत लगभग 25 हजार रुपये बताई गई है।घटना की सूचना मिलने पर जीआरपी ललितपुर ने इस मामले में भी धारा 305(सी) बीएनएस के तहत केस दर्ज कर जांच प्रारंभ की।

### तीसरा मामला- प्लेटफार्म पर भीड़ में लेडीज पर्स चोरी

तीसरी एफआईआर संख्या 0013 भी 16 फरवरी 2026 को दर्ज की गई। शिकायतकर्ता सीमा चंदेल, निवासी ललितपुर, ने बताया कि वह अपने बेटे के साथ ट्रेन संख्या 12920 मालवा एक्सप्रेस पकडने के लिए ललितपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 2 पर पहुंची थीं। ट्रेन के आने के समय प्लेटफार्म पर भारी भीड़ थी। इसी दौरान किसी अज्ञात बदमाश ने उनके कंधे से लटका लेडीज पर्स चोरी कर लिया। पर्स में सोने का पुराना मंगलसूत्र, लगभग 2000 रुपये नकद और अन्य छोटे सामान रखे थे। कुल चोरी की कीमत करीब 17 हजार रुपये आंकी गई है।इस मामले में पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया है।

## सामाजिक संस्थाओं ने डा.विरधीचन्द्र जैन को उपाधियों से अलंकृत किया

# जैन समाज के प्रथम नागरिक अलंकरण दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ मडावरा (ललितपुर)

धर्म,धर्मायतनों साधु संतों की सेवा में सदैव अग्रिम पंक्ति में कार्य करने व अपने द्वारा सहृदय भाव से हर किसी की मदद एवं मुक्तहस्त दान देने में प्रसिद्ध कस्बा मडावरा के जाने माने चिकित्सक डा.विरधी चंद्र जैन को एक वृहद समारोह के दौरान सकल दिगम्बर जैन समाज एवं विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा उपाधियों व प्रस्तुतियां देकर सम्मानित किया गया।

जैन जगत के प्रसिद्ध संत आचार्य विद्यासागर जी महाराज के द्वितीय समाधि दिवस के उपलक्ष्य में कस्बे के महावीर विद्याविहार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कस्बा क्षेत्र सहित जनपद में दानवीर के रूप में प्रसिद्ध डॉ विरधी चंद्र, लक्ष्मी देवी जैन की 50वीं वैवाहिक वर्षगांठ को सर्व समाज एवं परिवारी जनों द्वारा बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया दो दिवसीय धार्मिक आयोजन के दौरान सकल दिगम्बर जैन समाज द्वारा समाधिस्त आचार्य विद्यासागर के व्यक्तितव व उनके द्वारा सर्व समाज हित में किये गए कार्यों को याद किया गया श्रद्धालुओं द्वारा आचार्य श्रेष्ठ के चरण चिन्हों पूजन भक्ति कर



सदा उनके आशीर्वाद की कामना कर आचार्य छत्तीसी विधान का आयोजन किया जिसमें महिला पुरुष श्रद्धालुओं ने इंद्र इंद्राणी बन पुण्य का संचय किया।

### डॉ विरधी चंद्र जैन उपाधियों से अलंकृत

वहीं उनके परम भक्त दानवीर भामाशाह डॉ विरधी चंद्र, लक्ष्मी देवी,डॉ विकास जैन, डॉ विशाल जैन सपरिवार को सकल दिगम्बर जैन समाज मड़ावरा ने सम्मानित करते हुए समाज के प्रथम नागरिक की उपाधि से अलंकृत किया गया तो वहीं नगर की सामाजिक संस्थाओं में दयोदय पशु संरक्षण केंद्र, गोशाला परिवार द्वारा गो आश्रय दाता आदर्श परिवार की उपाधि से,नवनिर्माणधीन पंचायती पाषाण मन्दिर समिति ने धर्म सेवा शिरोमणि वर्णी बल विद्यामन्दिर समिति ने विद्या सेवा शिरोमणि की उपाधि से, विद्यासागर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय समिति ने समर्पण श्री की उपाधि से तो वहीं अतिशय क्षेत्र गिरार कमेटी ने चरित्र शिरोमणि की उपाधि से नवाजा गया। सकल दिगम्बर जैन समाज मडावरा ने डॉ विरधी चंद्र सपरिवार की भूरी भूरी प्रसंसा करते हुए कहा कि कस्बा मडावरा सहित क्षेत्रीय समाज के धर्म कार्यों में ऐसा कभी नहीं हुआ कि डॉ विरधी चंद्र ने मुक्त हस्त से सहयोग न किया गया उनका सरल सौम्य व्यक्तित्व सभी को अपना बना लेता है किसी भी धार्मिक कार्यक्रम में उनकी भागीदारी कार्यक्रम की सफलता की गारंटी बन जाती है कार्यक्रम के अंत में सामाजिक संस्थाओं एवं अतिथियों का पगड़ी माला पहनाकर सम्मान किया गया एवं सम्पूर्ण सकल जैन समाज एवं क्षेत्रीय समाज का वात्सल्य भोज चंद्रकुमार जैन, डा.विरधी चंद्र, हंसराज जैन, डॉविकास जैन, डा. विशाल जैन, मुकेश मामा परिवार के सौजन्य से किया गया। इस दौरान सकल दिगम्बर जैन समाज मडावरा के डा.राकेश जैन, अभिनंदन जैन, राजेश जैन, सुरेंद्र जैन, नीलेश जैन, डीके जैन, राजेन्द्र जैन, प्रियंक जैन, नितिन जैन, शैलेन्द्र जैन, प्रकाश जैन, प्रदीप जैन, अभिषेक जैन, रज्जु, कल्लू,सुधीर जैन सहित क्षेत्रीय समाज उपस्तिथि रही।

## जामोन्या जौहर के ग्रामीणों ने राजगढ़ पहुंच कलेक्टर-एसपी से लगाई गुहार

# साहब, हमारे गांव में इंदौर-भोपाल से बुलवाई जा रही हैं कॉलगर्ल्स

### गश्त बढ़ाने के साथ ही गांव में अस्थाई पुलिस चौकी बनवाने की मांग





हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के नरसिंहगढ़ क्षेत्र के जामोन्या जौहर गांव में एक विशेष समाज की महिलाओं द्वारा अनेकों वर्षों से वैश्यावृत्ति की जा रही है। लेकिन, अब गांव में इंदौर, भोपाल जैसे शहरों से कॉलगर्ल्स बुलवाकर यह धंधा शुरू करवा दिया गया है। नरसिंहगढ़ एसडीएम सहित कुरावर पुलिस को कई बार अवगत कराने, ज्ञापन सौंपने के बाद भी जब समस्या का यथोचित हल नहीं निकला तो जामोन्या जौहर के सैकड़ों ग्रामीण मंगलवार को कलेक्टर, एसपी से गुहार लगाने पहुंचे। करीब एक सैकड़ा से अधिक संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने कुरावर पुलिस पर भी इस अवैध धंधे से जुड़े लोगों से सांठगांठ के आरोप लगाए। ग्रामीणों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख है कि बाहर से आने वाली कॉलगर्ल्स ने अब सड़क पर बैठकर धंधा करना शुरू कर दिया है। उनके गांव के आसपास इस अवैध गतिविधि के संचालन से बच्चों के मन, मस्तिष्क पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ रहा है।

#### स्कूली छात्राओं से की जाती है छेड़छाड़

पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे अनेकों ग्रामीणों ने एडिशनल एसपी केएल बंजारे को लिखित शिकायती पत्र सौंपा। पत्र में उल्लेख किया गया कि गांव में उक्त अवैध धंधा पनपने से अनेकों लोग नशे की हालत में गांव में घुस जाते हैं। ऐसे दुष्चरित्र लोगों द्वारा न केवल स्थानीय लोगों, महिलाओं, बच्चों से अशोभनीय व्यवहार किया जाता है बल्कि स्कूल जा रही छात्राओं से छेड़छाड़ की जाती है।

#### हाट-बाजार, बुधवार, रविवार को अनेकों लोगों का जमावड़ा

अधिकारियों को सौंपे गए पत्र में ग्रामीणों ने उल्लेख किया कि बाहरी कॉलगर्ल्स को गांव में वैश्यावृत्ति करने से रोकने पर उनके द्वारा गाली-गलौच करते हुए धमकियां दी जाती हैं कि हम तुम्हें झूठे केस में फंसवा देंगे। हमारी पहुंच ऊपर तक है और पुलिस भी हमारा कुछ नहीं कर सकती।

#### थाने में दिया आवेदन पर कोई निराकरण नहीं

ग्रामीणों ने बताया कि वे स्थानीय पुलिस को कई बार उक्त अवैध गतिविधि को बंद करवाने के संबंध में आवेदन सौंप चुके हैं लेकिन खुलेआम चल रहे धंधे पर लगाम नहीं लग पाई है। ज्ञापन में आगे उल्लेख है कि अगर शासन, प्रशासन ने जामोन्या जौहर क्षेत्र में चली वैश्यावृत्ति पर रोक नहीं लगवाई तो ग्रामीणों को कानून अपने हाथ में लेने पर मजबूर होना पड़ेगा। ग्रामीणों ने अधिकारियों से गांव क्षेत्र में दिन और रात्रि में गश्त बढ़वाने के साथ ही गांव में अस्थाई पुलिस चैकी बनवाने की मांग भी की है।

## नायब तहसीलदार के प्रतिवेदन पर पुलिस की कार्रवाई

# गौवंश की मौत पर चक्काजाम, 12 लोगों पर दर्ज की एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

नगर से निकले बाइपास पर मंगलवार सुबह स्थानीय मिडवे होटल के सामने मृत गौवंश रखकर कुछ गौ-सेवकों सहित अन्य द्वारा हाईवे पर चक्काजाम किया गया था। चक्काजाम के चलते राजमार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई। बाद में स्थानीय प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर चक्काजाम खत्म करवाया। हाईवे पर किए गए इस चक्काजाम से यात्रियों, वाहनों चालकों को हुई असुविधा के मद्धेनजर कोतवाली पुलिस ने नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्टेट मनोहर कुल्हारे के प्रतिवेदन पर जाम लगाने वाले 12 लोगों पर राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम सहित बीएनएस की अन्य सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

#### इन 12 पर दर्ज की गई एफआईआर

पुलिस ने बताया कि मामले में जिन 12 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है उनमें नयन विजयवर्गीय, दीपू पंडा, आकाश मेवाड़े, लक्ष्य तंवर, शिवनंदन गुर्जर, संजय वर्मा, पुल्कित पिपलोटिया, पंकज वर्मा, सावन पुष्पद, रोहित शर्मा, राहुल साहू एवं कुलदीप गुर्जर शामिल हैं।

#### एफआईआर से गौसेवकों में आक्रोष

गौसेवकों द्वारा पर दर्ज हुए इस मुकदमे की न केवल गौ-सेवकों बल्कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भी कई लोगों द्वारा निंदा की जा रही है। हालांकि, प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि विरोध जाहिर करने के अन्य तरीके भी हैं लेकिन संबंधित अभियुक्तों ने कानून के प्रतिकूल जाकर हाईवे पर चक्काजाम लगाया था।

# रात को घर में गूंजा आशीर्वाद समारोह का उल्लास, सुबह कुएं से मिली पिता की लाश

### गांव में शोक की लहर, पुलिस की कार्रवाई जारी



**सारंगपुर** । घर में रातभर खुशियों का माहौल था। छोटे बेटे का आशीर्वाद समारोह पूरे उल्लास और परिजनों की मौजूदगी में संपन्न हुआ। किसी ने नहीं सोचा था कि वही घर सुबह मातम में डूब जाएगा। सुबह खेत पर पानी फेरने निकले कन्हैयालाल पिता प्यारेलाल, निवासी लोटिया थाना लीमचौहान देर तक घर वापस नहीं लौटे।

काफी इंतजार के बाद परिजनों को चिंता हुई और वे तलाश में खेत पहुंचे। खेत पर स्थित कुएं के पास कन्हैयालाल की चप्पल पड़ी मिली, जिससे अनहोनी की आशंका गहराने लगी। परिजनों ने आसपास तलाश की तो कन्हैयालाल कुएं में गिरे मिले। तत्काल ग्रामीणों की मदद से उन्हें कुएं से बाहर निकाला गया और डायल 112 की सहायता से सिविल अस्पताल सारंगपुर पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जिस घर में कुछ घंटे पहले मंगलगीत और खुशियों की गूंज थी, वहां अब चीख-पुकार और मातम पसरा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने मामले की जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रथम दृष्टया मामला कुएं में गिरने से मौत का बताया जा रहा है, हालांकि वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्पष्ट होंगे।

# घूमन्तु गौरव कप क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



घूमन्तू, अर्ध घूमन्तू समाज में सामाजिक परिचय आत्म गौरव, संगठन भाव एवं युवा शक्ति जागरण के उद्देश्य को लेकर पब्लिक स्पोस्ट क्लब ब्यावरा 16 से 26 फरवरी किया जा रहा है जिसमे 22 टीम भाग ले रही हैं। टूर्नामेंट के उद्धघाटन के अवसर पर अतिथि के रूप हेमंत सेठिया प्रान्त कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, रजनी प्रकाश अतिरिक्त जिला न्यायाधीश ब्यावरा, केएल बंजारा एडिशनल एसपी, लखन विश्वकर्मा, संजय सक्सेना प्रेमलता, जितेन्द्र झंझोरिया, दोजीराम अहिरवार, वीरेंद्र धाकड़ जप ब्यावरा, आयोजनकर्ता आकाश झंझोरिया, अमित झंझोरिया, श्याम सुन्दर , जुगनू, संजेश गुदेन, सुनील नैनावत, मोनू, दीपक, दिलराज छाड़ी, सोनू, सागर, दीपक एवं समस्त विमुक्त, घूमन्तू, अर्ध घूमन्तू समाज।

# बच्चा चोरी की आशंका पर पांच महिलाएं पुलिस के हवाले, पूछताछ के बाद छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



नगर के वार्ड क्रमांक 4 बड़ी होली, गोलावाड़ी तथा चांदबावड़ी क्षेत्र में मंगलवार को बच्चा चोरी की आशंका के चलते अलग-अलग मोहल्लों के लोगों ने पांच महिलाओं को पुलिस के हवाले कर दिया। जानकारी के अनुसार पहले मामले में चार महिलाएं भोपाल से एक ऑटो चालक के साथ नगर में इलेक्ट्रिक इंडक्शन सहित घरेलू उपयोग का सामान बेचने आई थीं। बताया जा रहा है कि महिलाएं वार्ड क्षेत्र में घर-घर जाकर सामान बेच रही थीं, तभी कुछ लोगों को उन पर संदेह हुआ और इसकी सूचना पुलिस को दे दी गई।

वहीं दूसरी घटना में चांदबावड़ी क्षेत्र से जालौन निवासी एक महिला को भी संदेह के आधार पर पकड़कर पुलिस के हवाले किया गया। हाल ही में बच्चा चोरी से जुड़ी अफवाहों के चलते क्षेत्र में पहले से ही सतर्कता का माहौल बना हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और महिलाओं को ऑटो सहित थाने ले जाकर पूछताछ की। जांच के दौरान सामने आया कि चार महिलाएं वास्तव में भोपाल निवासी हैं और नगर में केवल घरेलू सामान बेचने के उद्देश्य से आई थीं। किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि या संदिग्ध तथ्य सामने नहीं आने पर पुलिस ने आवश्यक पूछताछ के बाद सभी महिलाओं को छोड़ दिया। उल्लेखनीय है कि देशभर में इन दिनों बच्चा चोरी की घटनाओं को लेकर तरह-तरह की अफवाहें सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यमों से तेजी से फैल रही हैं। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध जानकारी की पुष्टि किए बिना अफवाहों पर विश्वास न करें तथा ऐसी स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना दें, जिससे कानून व्यवस्था बनाए रखी जा सके।

**इनका कहना है...**

रहवासियों की शंका पर महिलाओं से पूछताछ कर छोड़ दिया। वैसे अभी तक सारंगपुर क्षेत्र में बच्चा चोरी की घटना नहीं हुई है।

आकांक्षा हाड़ा, थाना प्रभारी सारंगपुर

# रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर किया सम्मानित




**जीरापुर।** नगर के तिरंगा मित्र मंडल को रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर जिला स्वास्थ्य विभाग राजगढ़ एवं ब्लड बैंक द्वारा डोनर मोटिवेशन प्रोग्राम एंड कार्यशाला आयोजित कर सम्मानित किया गया। राजगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश ब्लड बैंक उपसंचालक भोपाल डॉ राहुल भदोरिया, सिविल सर्जन शर्मा , डॉक्टर पी के जैन, डॉक्टर भदोरिया की मुख्य उपस्थित में ब्लड डोनेशन के कार्य में लगे हुए सभी संगठनों के सदस्यों का सम्मान किया गया। इसी कड़ी में तिरंगा मित्र मंडल के सदस्यों को भी नगर में रक्तदान शिविर आयोजन एवं जरूरतमंद मरीजों को रक्त उपलब्ध करवाने के लिए सम्मानित किया गया। जिला ब्लड बैंक द्वारा किए गए तिरंगा मित्र मण्डल के सम्मान पर आभार माना गया। तथा सदस्यों ने कहा कि परोपकारी कार्य करते रहना चाहिए ताकि जरूरतमंद को उसका लाभ मिल सके।

# जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता के आयोजन के लिए जनपद स्तरीय टीमों का किया चयन



**जीरापुर।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग शासन के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजगढ़ के मार्गदर्शन में नवाचार अंतर्गत पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन एवं प्रतियोगिता का संयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग राजगढ़ द्वारा किया जा रहा है। प्रतियोगिता के अंतर्गत बालक वर्ग में कबड्डी एवं बालिका वर्ग में खो-खो खेल का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद स्तर से चयनित टीमों ने भाग लिया। जनपद क्षेत्र की 7 पंचायतों के खिलाड़ियों ने सहभागिता की। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को क्रमशः 21000 रूपये 11000 रूपये तथा5000 रूपये की नगद पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम का शुभारंभ संभागीय खेल अधिकारी, विकासखंड समन्वयक आरती मुजाल्दे क्रीड़ा शिक्षक अरविंद बंसल, ईश्वर सिंह पवांर, सोनू राठौर, मोहित परिहार, निहाल भावसार एवं अनेकों खिलाड़ी उपस्थित रहे। भारत की पारंपरिक खेल विधाएँ हमारी सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इन खेलों के माध्यम से खिलाड़ियों में शारीरिक क्षमता, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं टीम भावना का विकास होता है। जनपद स्तर से प्रतिभाओं को आगे बढ़ाकर जिला एवं राज्य स्तर तक मंच प्रदान करना विभाग की प्राथमिकता है।

# शिव-पार्वती विवाह पर महिलाओं ने नृत्य किया

**जीरापुर।** शिवरात्रि के अवसर पर अटल चौक में नौ दिवसीय शिवमहापुराण कथा का आयोजन सिद्धेश्वर महादेव शिव परिवार द्वारा आयोजित किया जा रहा। पंडित अनुराग कृष्ण जी महाराज के मुखारविंद से भगवान शिव के प्रसंग का वर्णन बताया कि जब पांडव वनवास जाने लगे तब वे सब सर्व प्रथम भगवान कृष्ण को प्रणाम करने पहुंचे भगवान कृष्ण ने पांचों पांडव से कहा कि तुम जहां भी रहो शिव की भक्ति करना बंद मत करना इतना सुन कृष्ण को प्रणाम कर पांचों पांडव निकल गए और पांचों पाण्डवों में से सिर्फ अर्जुन ने श्री कृष्ण की आज्ञा का पालन किया। अर्जुन रोज मिट्टी से शिव लिंग का निर्माण करते ओर उनका पूजन करते थे। उन्होंने कथा के माध्यम से भक्तों को बताया कि मन से श्रद्धा पूर्वक की गई भक्ति से देवाधिदेव महादेव भगवान प्रसन्न हो जाते हैं।जब आप ईश्वर को अपनी अंतरात्मा से प्रसन्नचित भाव से याद करते हैं तो भगवान स्वयं हमारी मनोकामनाएं पूरी करते हैं। शिव पार्वती विवाह पर महिलाओं ने खूब नृत्य किया।

# घायल विद्यार्थी को परीक्षा केंद्र तक पहुंचाया



**राजगढ़।** कुछ दिनों पहले राजस्थान सीमा सरहद्दी पर हुए एक हादसे में दो युवकों की मृत्यु हो गई थी, वहीं तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल हुआ था। उसी तीसरे छात्र हरिओम गुर्जर निवासी ग्राम फत्तूखेड़ी का मंगलवार को दसवीं बोर्ड अंग्रेजी विषय का प्रश्न-पत्र था। पैरों से चलने में असमर्थ परीक्षार्थी के माता-पिता भी राजी नहीं थे कि ऐसी स्थिति में उनका बच्चा परीक्षा देने जाए।

ऐसे में शिक्षकों भगवान सिंह गुर्जर, अनिल पिपलोटिया ने हरिओम के अभिभावकों को प्रेरित किया की परीक्षा न देने से उसका एक वर्ष खराब हो जाएगा। इसके उपरान्त दोनों शिक्षकगण चलने में असमर्थ परीक्षार्थी हरिओम को राजगढ़ मुख्यालय स्थित उत्कृष्ट विद्यालय के परीक्षा केंद्र लेकर पहुंचे। केंद्र पर पहुंचे हरिओम ने अंग्रेजी का पर्चा अच्छे से हल किया। आपको बतादें कि बोर्ड परीक्षाओं की कड़ी में कल मंगलवार को कक्षा दसवीं अंग्रेजी विषय का प्रश्न-पत्र था। परीक्षा के लिए कुल पंजीकृत 19 हजार 900 में से 19हजार 540 विद्यार्थी परीक्षा देने पहुंचे वहीं 360 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। अब तक हुई बोर्ड परीक्षाओं में जिले में नकल का एक भी प्रकरण किसी भी केंद्र से सामने नहीं आया है।

## राजयोग महादेव मंदिर समिति ने किया आयोजन

# नगर भंडारे में हजारों लोगों ने ग्रहण की प्रसादी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

स्थानीय अस्पताल रोड स्थित राजयोग महादेव मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि महोत्सव के तहत सोमवार को नगर भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर में पूजा-अर्चना, अभिषेक अनुष्ठान एवं आरती उपरान्त शुरू हुए भंडारे में देर रात्रि तक हजारों की संख्या में श्रृद्धालु महिला, पुरुष, बच्चों सहित हर आयुवर्ग के श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। इस वृहद आयोजन के लिए मंदिर समिति द्वारा बीते कईं दिनों से व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही थी। मंदिर की स्थापना के लगातार तीसरे वर्ष इस विशाल नगर भंडारे का आयोजन किया गया।

#### अब मनोहारी रूप ले चुकी है वाटिका

आपको बतादें कि कुछ वर्षों पूर्व तक अस्पताल रोड वाली वनवाटिका पूरी तरह उजाड़ पड़ी हुई थी। ऐसे में नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू सहित अन्य समाजसेवियों ने वाटिका को आकर्षक रूप दिया। बाद में ईश्वरीय इच्छा से वाटिका में भगवान भोलेनाथ को विराजित कर एक भव्य मंदिर का निर्माण संपूर्ण नगरवासियों व अन्य श्रृद्धालुओं के सहयोग से संपन्न करवाया गया। कभी निर्जन लगने वाला यह क्षेत्र अब न केवल राजगढ़ नगर के प्रमुख धार्मिक स्थलों में शुमार हो चुका है।

# वैश्य समाज के रक्तदान शिविर में 41 यूनिट रक्त संग्रहित युवाओं ने दिखाया उत्साह



**कुरावर।** वैश्य समाज की युवा इकाई द्वारा सामाजिक दायित्व निभाते हुए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में युवाओं, समाजसेवियों एवं गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में 41 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जो जरूरतमंद मरीजों के लिए उपयोगी साबित होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ वैश्य महासम्मेलन के मध्य प्रदेश प्रदेश महामंत्री इंजीनियर बीके गुप्ता, न्यू कुरावर सिटी के डायरेक्टर गौरव सोनी, रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव संजय शेखर शर्मा सहित अन्य वरिष्ठजनों एवं अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। शिविर के आयोजन में एसडीएम सुशील कुमार के निर्देशन में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा राजगढ़ का विशेष सहयोग रहा। रेडक्रॉस की टीम ने रक्त संग्रहण की व्यवस्था संभाली। दानदाताओं का पंजीयन, स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक जांच के बाद ही सुरक्षित रूप से रक्त एकत्रित किया गया।

## एक बच्चे को दवा पिलाकर कलेक्टर ने की अभियान की शुरुआत

# दस्तक अभियानः 1.75 लाख बच्चे गटकेंगे 'विटामिन-ए' की खुराक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में बच्चों के स्वास्थ्य संवर्धन और कुपोषण से मुक्ति की दिशा में मंगलवार से स्वास्थ्य विभाग द्वारा दस्तक अभियान शुरू किया गया है। जिला अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने कुछ नन्हे बच्चों को अपने हाथों से विटामिन-ए की खुराक पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। इस महाअभियान के तहत जिले के करीब 1 लाख 75 हजार से अधिक बच्चों को स्वास्थ्य सुरक्षा के दायरे में लाने का लक्ष्य रखा गया है। डॉ. मिश्रा ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि यह अभियान केवल औपचारिकता न रहे बल्कि शत-प्रतिशत बच्चों तक इसका लाभ पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव और वार्ड में तैयार की गई ड्यू लिस्ट के अनुसार बच्चों का चिन्हांकन किया जाए।

#### 19 मार्च तक घर-घर पहुंचेंगे स्वास्थ्य कर्मी

सीएमएचओ डॉ. शोभा पटेल ने बताया कि 17 फरवरी से शुरु हुआ यह अभियान 19 मार्च तक चलेगा। विभाग ने इसके लिए पूरी तैयारी कर ली हैं एवं बच्चों के रिकॉर्ड का डिजिटाइजेशन भी पूरा कर लिया गया है। मैदानी अमले में तैनात आशा कार्यकर्ता, एएनएम और सीएचओ को प्रिंटेड सूचियां सौंपी गई हैं। डॉ. पटेल ने स्पष्ट किया कि यदि अभियान के दौरान बाहर से आए बच्चे भी मिलते हैं, तो उन्हें भी इसमें शामिल कर स्वास्थ्य लाभ दिया जाएगा।